C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 197 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 08 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## सीएम भजनलाल शर्मा का कांग्रेस पर तीखा हमलाः

## कहा भ्रष्टाचार से कमजोर हुई मनरेगा, वीबी-जी रामजी में दूर की गईं खामियां

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (वीबी-जी रामजी) को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के कमजोर प्रशासन और भ्रष्टाचार के कारण मनरेगा अपने मूल उद्देश्यों में सफल नहीं हो सकी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए वीबी-जी रामजी अधिनियम 2025 के माध्यम से इन सभी कमियों को दूर किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की मंशा शुरू से ही ठीक नहीं रही, जिसके चलते मनरेगा के कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते रहे। नई योजना वीबी-जी रामजी में रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है और इसे नई खूबियों से सुसज्जित किया गया है, जिससे श्रमिकों को अधिक अवसर और स्थायित्व मिलेगा।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पास अब केवल भ्रामक और झूठा प्रचार बचा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अतीत में भी कई ऐसे मुद्दे उठाए, जिनका आज कोई महत्व नहीं है। अपने शासनकाल में कांग्रेस ने विकास के बजाय केवल भ्रष्टाचार किया और आज उसी आचरण के अनुसार व्यवहार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे इस भ्रम को भी खारिज किया कि केंद्र सरकार वीबी-जी रामजी के लिए पूरा पैसा नहीं देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सहकारी संघवाद का मॉडल है, जिसमें राज्यों की 40 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गई है, जिससे जवाबदेही और पारदर्शिता दोनों बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना से ग्रामीण रोजगार व्यवस्था मजबूत होगी और यह योजना विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## निकाय चुनाव फरवरी में भी संभव, सरकार पूरी तरह तैयारः यूडीएच मंत्री खर्रा

भीलवाड़ा फोकस @ सीकर।



स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने निकाय चुनावों पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि राज्य सरकार और स्वायत्त शासन विभाग ने अक्टूबर 2025 में ही सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। ओबीसी आयोग की रिपोर्ट आने के बाद अब निर्वाचन आयोग जब चाहे, निकाय चुनाव करवा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आयोग चाहे तो फरवरी में भी चुनाव संभव हैं । सरकार और विभाग की ओर से कोई बाधा शेष नहीं है।

सीकर के ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान में कौशल रथ के फ्लैग-ऑफ कार्यक्रम के दौरान मंत्री खर्रा ने कहा कि राज्य स्तर पर चुनावी तैयारियां पूरी हैं और निर्वाचन प्रक्रिया के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार बैठा है।

यूडीएच मंत्री ने केंद्र सरकार की मंशा पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि लक्ष्य यह है कि देश का हर युवा किसी न किसी कौशल में दक्ष बने। ऐसा वातावरण तैयार किया जा रहा है, जहां हर नागरिक स्वावलंबी हो और युवा अपनी क्षमताओं को निखारते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

## डंपर ने कार को 2 किमी तक घसीटा, परिवार बाल-बाल बचा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।



वीकेआई थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने एक कार को टक्कर मारकर करीब डेढ़ से दो किलोमीटर तक घसीट दिया। कार में सवार जगदीश बैरागी, उनकी पत्नी लक्ष्मी और बेटी श्वेता गाजियाबाद से चित्तौड़गढ़ जा रहे थे। टक्कर के बाद भी चालक नहीं रुका और 5 नंबर पुलिस चौकी से तोंदवाल मैरिज गार्डन होते हुए दादी का फाटक तक कार को घसीटता ले गया।

दादी का फाटक के पास मिट्टी में फंसने से दोनों वाहन रुके। लोगों ने चालक को पकड़ लिया, जबकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई। पुलिस ने डंपर चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## स्पा की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़, 4 युवक व 5 युवतियां गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



देह शोषण व अनैतिक व्यापार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रतापनगर थाना पुलिस ने मानसरोवर झील के पास स्थित मानसरोवर ब्यूटी सैलून एण्ड स्पा पर बड़ी कार्रवाई करते हुए स्पा की आड़ में संचालित देह व्यापार का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से 4 युवक व 5 युवतियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक विदेशी युवती भी शामिल है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर वृताधिकारी माधव उपाध्याय के नेतृत्व में की गई। वृताधिकारी शहर सज्जन सिंह आरपीएस व थानाधिकारी राजपाल सिंह द्वारा गठित टीम को 6 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि स्पा में बॉडी थैरेपी के नाम पर ग्राहकों से पैसे लेकर अनैतिक गतिविधियां कराई जा रही हैं। सूचना की पुष्टि के लिए बोगस ग्राहक भेजा गया, संकेत मिलते ही पुलिस ने दबिश दी, जहां अलग-अलग केबिनों में युवक-युवतियां देह व्यापार में लिप्त पाए गए। पुलिस द्वारा गिरफ्तार युवकों में रामरतन पुत्र छोटूलाल कुमावत (22) निवासी बापूनगर, पराग पुत्र प्रमोद कुमार चतुर्वेदी (33) निवासी कुम्भा सर्किल के पास, कैलाश जाट पुत्र भैरूलाल (27) निवासी दांथल , भीलवाड़ा तथा जगदीश पुत्र राधेश्याम प्रजापति (27) निवासी साखतली, मंदसौर को शामिल बताया है।

गिरफ्तार की गई 5 युवतियों में एक विदेशी युवती भी है, जिनकी फिलहाल पहचान उजागर नहीं की गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खारी नदी हादसाः खुला कत्ल है यह, माफिया को सरकार का संरक्षणः टीकाराम जूली

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।



केकड़ी की खारी नदी क्षेत्र में बजरी से भरे ओवरलोड डंपर की टक्कर से हुए दर्दनाक हादसे ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस घटना को सरकार-समर्थित खुला कत्ल बताते हुए भाजपा सरकार पर बजरी माफिया को संरक्षण देने का सीधा आरोप लगाया है। जूली ने मृतक के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक संरक्षण का नतीजा है।

जूली ने एक वायरल वीडियो का हवाला देते हुए स्थानीय भाजपा विधायक शत्रुघ्न गौतम और अवैध खनन में संलिप्त अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि केकड़ी सदर थाने में तैनात एएसआई राजेश मीणा पर दबाव बनाया जा रहा है और उन्हें खुलेआम धमकाया जा रहा है। जूली ने कहा, ईमानदारी से काम करने वाले पुलिसकर्मियों को डराया जा रहा है, जबकि माफिया बेखौफ सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मौजूदा शासन में बजरी माफिया पूरी तरह बेलगाम है। ओवरलोड डंपर नियमों को रौंदते हुए जानलेवा साबित हो रहे हैं। उनका आरोप है कि सरकार मूकदर्शक नहीं, बल्कि इस अवैध कारोबार की 'संरक्षक' और 'साझेदार' बन चुकी है। जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि खारी नदी हादसे के दोषियों पर सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं। पुलिसकर्मियों को धमकाने वाले जनप्रतिनिधियों और उन्हें संरक्षण देने वाले अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो तथा अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर तुरंत प्रभावी रोक लगे।

जूली ने साफ किया कि यदि माफिया और उनके संरक्षकों पर लगाम नहीं कसी गई, तो कांग्रेस आगामी विधानसभा सत्र में सरकार की जवाबदेही तय करेगी।

## कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल बोले कोटा का सत्यानाश हो गया, हालात बद से बदतर

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।





**गर्वित** । भारतीय जनता पार्टी की राज्य सरकार के दो साल पूरे होने पर कांग्रेस ने कोटा में आयोजित पोल खोल रैली के मंच से सरकार पर तीखा प्रहार किया। इस दौरान कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने कहा कि बीते दो वर्षों में प्रदेश की जनता को केवल वादे मिले हैं, जबकि जमीनी हकीकत लगातार बिगड़ती चली गई। गुंजल ने सवाल उठाया कोटा शहर को बर्बाद कर दिया गया है, क्या सिर्फ हमारी ही जिम्मेदारी है कोटा को बचाना? 'गुंजल ने आरोप लगाया कि सरकार जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाकर केवल प्रचार में व्यस्त है और आम आदमी की आवाज को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के हालात किसी से छिपे नहीं हैं, लेकिन बोलने वाला कोई नहीं है। व्यापारियों पर दबाव बनाकर जबरन हिस्सेदार बनाया जा रहा है और शहर में जो कुछ हो रहा है, उससे जनता त्रस्त है। गुंजल ने कहा कि प्रदेश में चुनी हुई सरकार कम और ब्यूरोक्रेसी ज्यादा हावी है। 'यहां भजनलाल सरकार नहीं, पंत सरकार चल रही है,' कहते हुए उन्होंने प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। उन्होंने अरावली क्षेत्र, पर्यावरण और शहर के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार की चुप्पी को आड़े हाथों लिया।

रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे। बैनरों और पोस्टरों के जरिए बीजेपी सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए गए। कांग्रेस नेताओं ने महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। नेताओं ने कहा कि पोल खोल रैली का उद्देश्य जनता को सरकार की वास्तविक स्थिति से रूबरू कराना है। सभा में यह भी आरोप लगाया गया कि मां के नाम पर पेड़ लगाने की बातें तो की जा रही हैं, लेकिन बड़े व्यापारियों के हित में करोड़ों पेड़ कटवाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ब्यूरोक्रेसी की जवाबदेही आम जनता के प्रति होनी चाहिए, न कि सत्ता के गलियारों तक सीमित।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

# केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस शुरू करेगी मनरेगा बचाओ संग्राम



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

ग्रामीण रोजगार और आजीविका के मुद्दे को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जिले में मनरेगा बचाओ संग्राम जनआंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। गांधी भवन स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर देहात जिलाध्यक्ष रामलाल जाट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में पीसीसी सचिव शंकर लाल गाडरी ने बताया कि एआईसीसी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार यह आंदोलन केंद्र सरकार की नीतियों से मनरेगा और काम के अधिकार पर पड़ रहे प्रभाव के विरोध में शुरू किया जा रहा है।

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 10 जनवरी को गांधी भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस से अभियान का शुभारंभ होगा। 12 जनवरी को डॉ. बी.आर. आंबेडकर सर्कल (रेलवे स्टेशन) पर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक एक दिवसीय उपवास किया जाएगा। 12 से 29 जनवरी तक सभी ग्राम पंचायतों में चौपाल व जनसंपर्क कार्यक्रम होंगे, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पत्र मनरेगा श्रमिकों तक पहुंचाए जाएंगे। 30 जनवरी को पंचायत व ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरने तथा 31 जनवरी से 6 फरवरी के बीच जिला कलेक्टर कार्यालय पर धरने देकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।बैठक में अक्षय त्रिपाठी, गायत्री त्रिवेदी, ओम नरानीवाल, राजेन्द्र त्रिवेदी, मनीष मेवाड़ा, दुर्गेश शर्मा, हैप्पी सिंह, विभा माथुर, गोवर्धन गुर्जर, सुशीला सालवी, चेतन डिडवानिया, मधु जाजू, ईश्वर खोईवाल, रणदीप त्रिवेदी, अविनाश शर्मा, योगेश सोनी, अर्चना दुबे, हरफूल जाट, आशीष राजस्थला, फ़रियाद मोहम्मद, चंद प्रकाश अमरवाल, गणपत भील, भेरू बैरवा, ओमप्रकाश तेली, राजू डिडवानिया, डॉ. रमेश सामरिया, शंकर लाल कुमावत, लादू लाल गुर्जर, श्याम लाल गुर्जर, गोपाल तिवाड़ी, विकास सुवालका, कुलदीप त्रिवेदी सहित अग्रिम संगठनों/प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष, ब्लॉक व मंडल अध्यक्ष तथा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महेश सोनी ने किया।

# बॉयलर सेक्शन में दो मजदूरों की संदिग्ध मौत, परिजनों व मजदूरों ने किया हंगामा







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के रायला थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा औद्योगिक हादसा सामने आया, जहां रायसिंहपुरा स्थित सीताराम डेनिम कपड़ा फैक्ट्री में बॉयलर क्षेत्र में कार्यरत दो मजदूरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों मजदूर बुधवार सुबह करीब 8 बजे अचेत अवस्था में मिले। उन्हें तत्काल महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद फैक्ट्री प्रबंधन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े हो गए।

मृतकों की पहचान गजानंद गाडरी (25) पुत्र रामचंद्र, निवासी जिंद्रास (आसींद) और कमलेश गुर्जर (24) पुत्र जीवराज गुर्जर, निवासी नानोड़ी के रूप में हुई है।

दोनों पिछले करीब छह माह से फैक्ट्री में कार्यरत थे और उनकी ड्यूटी बॉयलर साइट पर थी। सुबह अन्य कर्मचारियों ने दोनों को जमीन पर बेहोश पड़ा देखा और एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।

घटना की जानकारी मिलते ही फैक्ट्री के अन्य मजदूर और मृतकों के परिजन महात्मा गांधी अस्पताल के बाहर एकत्र हो गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया। मजदूरों व ग्रामीणों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। उनका कहना है कि बॉयलर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे और प्रशिक्षित स्टाफ की भी कमी थी। प्रदर्शन सुबह करीब 9 बजे शुरू हुआ, जो शाम 7 बजे तक चला।

धरने के दौरान विधायक उदयलाल भड़ाना सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक मजदूरों और परिजनों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि पुलिस-प्रशासन से बातचीत की गई है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मृतकों के परिजनों को सरकारी सहायता दिलाने का भी आश्वासन दिया गया। सहमति बनने के बाद धरना समाप्त किया गया।

पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चुरी में शिफ्ट करवाया गया। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। स्थिति को देखते हुए प्रतापनगर, रायला और मांडल थानों की पुलिस फैक्ट्री परिसर व अस्पताल में तैनात रही।

# 13 साल से फरार 5 हजार का इनामी लुटेरा गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

डीएसटी टीम और थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए लूट के एक मामले में 13 वर्षों से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को डीएसटी टीम द्वारा लगातार पीछा कर डिटेन किया गया। इस कार्रवाई में डीएसटी के कांस्टेबल केशव की विशेष भूमिका रही।



पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया को रघुनाथ बलाई निवासी सुलवाड़ा ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि वर्ष 2012 में रात करीब 8 बजे घर लौटते समय बोलेरो में आए 3-4 बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने उससे सोने का मांदलिया, एक मोबाइल फोन और 7 हजार रुपए लूट लिए थे। मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर वाहन जब्त किया जा चुका था, जबकि अन्य आरोपी फरार थे।

पुलिस ने बताया की गिरफ्तार आरोपी सांवलराम मीणा पुत्र सोनारायण उर्फ सोनाराम, निवासी झांपदा, दौसा शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी चोरी व नकबजनी के प्रकरण दर्ज हैं। स्थायी ठिकाना न होने के कारण वह लगातार जगह बदलकर फरारी काट रहा था। डीएसटी टीम ने लगातार मुखबिर तंत्र सक्रिय रखकर आरोपी को डिटेन कर गिरफ्तार किया। फिलहाल पुलिस मामले में गहन अनुसंधान जारी है।

# मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर त्वरित सुनवाई, मनरेगा मजदूर को मिला भुगतान

## तकनीकी कारण से अटका भुगतान, जांच के बाद एमआईएस फीडिंग कर एफटीओ जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



राज्य सरकार की मंशानुरूप जिला प्रशासन भीलवाड़ा द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आसिंद ब्लॉक की दांतड़ा ग्राम पंचायत निवासी विष्णु कुमार वैष्णव द्वारा मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर मनरेगा भुगतान से संबंधित शिकायत दर्ज कराई गई।

परिवादी ने शिकायत में बताया कि मनरेगा अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के बावजूद संबंधित मस्टर रोल फीड नहीं हो पा रहे थे, जिससे मजदूरी भुगतान में विलंब हो रहा था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर को समस्या के तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर ने संबंधित विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रकरण की त्वरित जांच में सामने आया कि नरेगा सॉफ्टवेयर पर अर्द्धकुशल एवं कुशल श्रमिकों के मस्टर रोल नहीं खुलने के कारण तकनीकी समस्या उत्पन्न हो रही थी। प्रशासन द्वारा परिवादी को लाइव सिस्टम के माध्यम से संपूर्ण स्थिति समझाई गई। इसके बाद बुधवार को एमआईएस फीडिंग कर एफटीओ जनरेट करते हुए भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। पारदर्शी कार्यवाही एवं समस्या के समाधान से संतुष्ट होकर परिवादी विष्णु कुमार वैष्णव ने मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर अपनी संतुष्टि दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# घाटारानी माताजी मंदिर को विकास की बड़ी सौगात, पर्यटन विभाग ने 8.61 करोड़ किए स्वीकृत





**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।**

जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था स्थल घाटारानी माताजी मंदिर के समग्र विकास के लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 8 करोड़ 61 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। यह उपलब्धि विधायक गोपीचंद मीणा के प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। स्वीकृत राशि से घाटारानी माताजी मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मूलभूत ढांचे का विस्तार होगा। योजना के तहत सामुदायिक भवन निर्माण, घाट-कुंड एवं ट्यूबवेल, सीसी सड़क, सुरक्षा दीवार व नाला, बॉक्स कल्वर्ट, विद्युत कनेक्शन और अन्य आवश्यक कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों पर सामुदायिक भवन के लिए 97.45 लाख, घाट-कुंड व ट्यूबवेल पर 342.91 लाख, बॉक्स कल्वर्ट पर 51.27 लाख, सुरक्षा दीवार व नाला पर 99.32 लाख, सीसी रोड पर 97.24 लाख, विद्युत व अन्य मदों पर 36.47 लाख तथा विद्युत कनेक्शन व शिफ्टिंग पर 26 लाख खर्च किए जाएंगे। विधायक गोपीचंद मीणा ने इस स्वीकृति के लिए राज्य सरकार और पर्यटन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जहाजपुर-कोटड़ी विधानसभा क्षेत्र के धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। मीणा ने विश्वास जताया कि इन विकास कार्यों से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। घाटारानी माताजी क्षेत्र को मिली इस ऐतिहासिक सौगात से क्षेत्रवासियों और माता जी के असंख्य श्रद्धालु भक्तों में उत्साह का माहौल है और सभी ने विधायक के प्रयासों की सराहना की है।

# हाईकोर्ट ने राशन डीलर ओमप्रकाश की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**किशन ।** खामोर निवासी राशन डीलर ओमप्रकाश वैष्णव की गिरफ्तारी पर राजस्थान हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। फुलिया कलां थाने में 16 दिसंबर को जिला रसद अधिकारी कार्यालय, भीलवाड़ा की प्रवर्तन निरीक्षक डॉ. मीनाक्षी मीणा की रिपोर्ट पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश कुलदीप माथुर ने राज्य सरकार को पक्षकार मानते हुए नोटिस जारी करने के आदेश दिए।



अदालत ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता जांच में पूरा सहयोग करेगा तथा 28 जनवरी को सुबह 11:30 बजे जांच अधिकारी के समक्ष आवश्यक दस्तावेज पेश करेगा। मामले की अगली सुनवाई 9 फरवरी को होगी। हाईकोर्ट के आदेश से ओमप्रकाश वैष्णव को फिलहाल गिरफ्तारी से राहत मिली है, जबकि मामले की जांच जारी रहेगी।

# सुरक्षा मांगने आई युवती का कलेक्ट्रेट के पास अपहरण, पुलिस अधिकारी पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कलेक्ट्रेट क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े उस समय हड़कंप मच गया, जब सुरक्षा की मांग लेकर पहुंची एक युवती को उसके ही परिजन जबरन उठा ले गए। विरोध करने पर बदमाशों ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की और उन्हें धक्का देते हुए फरार हो गए।

घटना के दौरान विशेष शाखा के एक सहायक उप निरीक्षक ने चलती स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी उन्हें धकेलते हुए निकल गए। फरार होते समय आरोपियों ने एक बाइक सवार को भी कुचलने की कोशिश की, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।



पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना के बाद पुलिस ने नाकाबंदी कर स्कार्पियो की तलाश शुरू की है । फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# एसएमसी-एसडीएमसी सदस्यों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण हुआ आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुंदली में एसएमसी एवं एसडीएमसी सदस्यों में जागरूकता बढ़ाने और क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गुंदली के प्रशासक शंभू लाल गुर्जर रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य नेमीचंद खारीवाल ने उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण की उपादेयता पर प्रकाश डाला और एसएमसी-एसडीएमसी सदस्यों को विद्यालय व समुदाय के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताया। प्रशिक्षण में केआरपी महेश मंडोवरा ने सदस्यों को उनके अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने नामांकन, ठहराव व उपस्थिति, सामुदायिक जागरूकता, विद्यालय विकास में भूमिका, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, समग्र शिक्षा की गतिविधियां, मिड-डे-मील, बाल अधिकार, हरित पाठशाला, समावेशी शिक्षा, अभिभावक-शिक्षक संवाद, विद्यालय विकास योजना, सामाजिक अंकेक्षण, आपदा प्रबंधन तथा जनसहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में जुलेखा मसरत बानू, सुनीता मिश्रा, सुशीला बघेरवाल, रामेश्वर लाल धोबी, ऋचा यादव, दिनेश गाडरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। व्यवस्थाओं में रतन कंवर राठौड़, स्नेहलता नुवाल और अंकिता जोशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में उप-प्राचार्य जुलेखा मसरत बानू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# इनोवा कार-ट्रैक्टर में भीषण टक्कर, ट्रैक्टर के हुए दो टुकड़े

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**(सांवर वैष्णव)।** भीलवाड़ा-कोटड़ी रोड पर कोदूकोटा के पास बुधवार देर रात एक इनोवा कार और ट्रैक्टर के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचे दीवान मुकेश कुमार ने बताया कि कोदूकोटा के पास इनोवा कार व ट्रैक्टर के बीच टक्कर हुई है, घायलों की जानकारी



जुटाई जा रही है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारु कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है।



QUICK BITES

## बांसवाड़ा में अभाविप चित्तौड़ प्रांत का 61वां अधिवेशन सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के चित्तौड़ प्रांत का 61वां त्रि-दिवसीय अधिवेशन बांसवाड़ा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। महानगर मंत्री कुणाल सिंह राणावत ने बताया कि अधिवेशन में भाग लेने के लिए महानगर से कुल 25 कार्यकर्ता शामिल हुए।

अधिवेशन में कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी, गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केशव सिंह ठाकुर तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. लोकेन्द्र कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा एवं प्रांतीय मंत्री जितेन्द्र लोधा द्वारा ध्वजारोहन किया गया।

अधिवेशन में सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में डॉ. पारस टांक तथा प्रांतीय मंत्री के रूप में जितेन्द्र लोधा ने अपने दायित्व ग्रहण किए। विभिन्न सत्रों और कार्यक्रमों के पश्चात प्रांत मंत्री द्वारा आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की गई।

अधिवेशन के अंतिम चरण में हुए घोषणा सत्र में भीलवाड़ा महानगर से नवीन दायित्वों की घोषणा की गई, जिसमें दीपा जाट को प्रांत कार्य समिति सदस्य, प्रतिभा धाकड़ को प्रांत संयोजक, दुर्गा शंकर कोली को प्रांत एसएफएस संयोजक, रिछपाल मिर्धा को प्रांत मेडिविजन सह संयोजक, तारा सैनी, दीपांशु नक़वाल एवं लोकेश सुवालका को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

अधिवेशन का समापन संगठनात्मक एकता, भावी योजनाओं एवं छात्रहित के संकल्प के साथ किया गया।

## शीतलहर से लोगों की छूटी धूजणी, कड़ाके की ठंड से दिनचर्या प्रभावित

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।



**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ाके की सर्दी का दौर जारी है। लगातार चौथे दिन बुधवार को भी सूर्यदेव बादलों की ओट में छिपे रहे। सुबह से शाम तक आसमान में बादल छाए रहे और धूप केवल कुछ देर के लिए ही दिखाई दी, जिससे ठंड के तेवर और सख्त हो गए। दिनभर शीतलहर का प्रकोप बना रहा। हालांकि सुबह के समय कोहरे की चादर कुछ कम रही, जिससे लोगों को मामूली राहत मिली, लेकिन दिन चढ़ने के बाद भी धूप नहीं निकलने से मौसम का मिजाज बिगड़ा रहा। बारिश के आसार बने, पर बारिश नहीं हुई और सर्द हवाओं ने गलन और बढ़ा दी। कड़ाके की ठंड का असर जनजीवन पर साफ नजर आया। बाजारों में चहल-पहल कम रही। आवश्यक कार्यों से बाहर निकलने वाले लोग भी पूरी तरह गर्म कपड़ों में नजर आए, फिर भी शीतलहर से राहत नहीं मिल सकी। ठंड से बचाव के लिए लोग दिनभर अलाव जलाकर हाथ सेंकते रहे। शाम ढलते ही बाजारों में सन्नाटा पसर गया और ठंड ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया।

# चांद जी की खेड़ी में रात्रिकालीन वालीबाल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ, 21 टीमें ले रही है भाग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



**नरेश धाकड़।** ग्राम पंचायत चांद जी की खेड़ी स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में महादेव क्लब के तत्वावधान में रात्रिकालीन वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ । प्रतियोगिता में कुल 21 टीमें भाग ले रही है ।

आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11,000 रुपये, जबकि उपविजेता टीम को 5,100 रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच मोहन लाल धाकड़ एवं खनिज व्यवसायी नरोत्तम धाकड़ रहे। अतिथियों के आगमन पर घोड़ी व डीजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। आयोजक क्लब के सदस्यों द्वारा अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत-सम्मान किया गया। उद्घाटन मैच माल का खेड़ा बनाम तिलस्वां टीमों के बीच खेला गया। सरपंच मोहन लाल धाकड़ द्वारा टॉस कराया गया, जिसमें माल का खेड़ा टीम ने टॉस जीतकर ग्राउंड चॉइस लिया। रोमांचक मुकाबले में तिलस्वां की टीम विजयी रही।

कार्यक्रम में महादेव क्लब के लोकेश सेन, अभिषेक सोनी, महेन्द्र मेघवाल , मनोज सोनी, शैतान सिंह, रतन भाट, अशोक मेघवाल, राजा बाबू, पवन बैरागी, शिवकरण बैरागी, गोविंद शर्मा, नरेश धाकड़, नरेश मेघवाल, अनिल मेघवाल, गोपाल धाकड़, आरव सेन, कैलाश काला, राजेश कुमार बैरागी सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## चारागाह भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग, उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**रमेश गुर्जर ।** उपखण्ड क्षेत्र की समस्त चारागाह (गोचर) भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कराने, उनका सीमांकन कर संरक्षण सुनिश्चित करने की मांग को लेकर समस्त गौसेवक एवं क्षेत्रवासियों ने बुधवार को उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि उपखण्ड क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के अधीन आने वाली चारागाह भूमियों पर भूमाफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। इससे गौवंश सहित अन्य मवेशियों के लिए चराई की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। चारागाह सिमटने के कारण गौशालाओं में रह रही गायें भी स्वतंत्र रूप से विचरण नहीं कर पा रही हैं, जिससे पशुपालन और ग्रामीण जीवन प्रभावित हो रहा है।

गौसेवकों ने ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2011 के जगपाल सिंह बनाम पंजाब राज्य सरकार प्रकरण का हवाला देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्य सरकारों को चारागाह भूमि से अवैध कब्जे हटाने तथा किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को नियमित नहीं करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

गौ सेवकों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों की चारागाह भूमियों का शीघ्र सीमांकन कराया जाए, अतिक्रमण हटवाकर उनका संरक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य में पुनः अतिक्रमण न हो, इसके लिए दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन देते समय गौशाला संचालक रामफूल धाकड़ , यशवंत पुंगलिया ,उमेश शर्मा ,दीपक गौड़ , निलेश सनाढिय ,आशीष राठौर चेतन पवार ,शैतान प्रजापत ,सुमित जोशी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन गतिविधि आयोजित , सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों और विधवा महिलाओं की स्थिति हुई उजागर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**मानव तिवाड़ी।** ग्राम पंचायत नया नगर के बंजारों की जलेरी गांव में ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था, अजमेर के तत्वावधान में सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन गतिविधि का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से नजरी नक्शा सोशल/रिसोर्स मैपिंग तैयार किया गया। इसमें गांव की भौगोलिक बसावट, आवासीय क्षेत्र, सड़कें व गलियां, जल स्रोत, धार्मिक स्थल, सामुदायिक ढांचे तथा उपलब्ध संसाधनों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे संसाधनों की उपलब्धता एवं पहुंच की वास्तविक स्थिति सामने आई।

दूसरे चरण में चपाती चित्रण के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, आजीविका, राशन, पेंशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं तक समुदाय की पहुंच का सामूहिक विश्लेषण किया गया। चर्चा में सामने आया कि कई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ अभी भी जमीनी स्तर तक सीमित रूप में ही पहुंच पा रहे हैं।

सहभागी चर्चा के दौरान एक गंभीर सामाजिक स्थिति भी उजागर हुई। ग्रामीणों के अनुसार गांव में वर्तमान में 50 से अधिक महिलाएं विधवा हैं, जो सामाजिक-आर्थिक असुरक्षा, स्वास्थ्य जोखिमों और सामाजिक संरक्षण की कमी की ओर संकेत करता है। इस स्थिति पर त्वरित और समग्र हस्तक्षेप की आवश्यकता बताई गई।

प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर जितेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पीआरए गतिविधि से प्राप्त निष्कर्ष भविष्य में लक्षित योजनाओं के निर्माण, सरकारी योजनाओं से प्रभावी जुड़ाव, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हस्तक्षेपों के लिए मजबूत आधार प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में संस्था की ओर से प्रेम प्रकाश, सुनीता एवं सत्यनारायण की सक्रिय सहभागिता रही, जिन्होंने समुदाय के साथ संवाद स्थापित कर चर्चा को प्रभावी ढंग से संचालित किया।

## रामद्वारा रोड पर महिलाओं को दी गई स्वच्छता व साफ-सफाई की जानकारी




भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रामद्वारा रोड क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परियोजना कार्यों की जानकारी देना एवं स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल-जल को टैंकरों के माध्यम से जहाजपुर रोड पर निर्माणाधीन एफएसटीपी में ले जाया जाएगा, जहां उसका वैज्ञानिक तरीके से ट्रीटमेंट किया जाएगा। इससे पहले की तरह गंदगी फैलने की समस्या से निजात मिलेगी और वातावरण स्वच्छ रहेगा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे प्रत्येक पाँच वर्ष में अपने सेप्टिक टैंक को अवश्य खाली करवाएं तथा साफ-सफाई और स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं ई-श्रमिक कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को नगर पालिका द्वारा संचालित कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने, स्वच्छता अपनाने और सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शहर की 16 महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक मोहम्मद मोहिन मंसूरी का विशेष सहयोग रहा।

## विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी तेज, आरसी व्यास कॉलोनी में महिलाओं की बैठक आयोजित



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर की आरसी व्यास कॉलोनी सेक्टर 8, 9 व 10 की संयुक्त बस्ती में 18 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शिव मंदिर, सेक्टर 8 में क्षेत्र की महिलाओं की बैठक आयोजित हुई। महिला संयोजिका पुष्पा डाड ने बताया कि बैठक में भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया, जो सेक्टर 8 के शिव मंदिर से प्रारंभ होकर सेक्टर 10 में भ्रमण करते हुए सेक्टर 9 स्थित लक्ष्मी गार्डन पहुंचेगी। लक्ष्मी गार्डन में हिंदू सम्मेलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रमों में वरिष्ठ जन सम्मान, प्रतिभा सम्मान, महिलाओं की सामूहिक प्रस्तुति, बच्चों की मंचीय प्रस्तुतियां तथा संत-महात्माओं, विद्वानों व प्रखर वक्ताओं के उद्बोधन शामिल रहेंगे। सह महिला संयोजिकाएं खुशबू व्यास और सुनीता रावत ने बताया कि 18 जनवरी को क्षेत्र का कोई भी परिवार घर पर न रहे-इसके लिए घर-घर जाकर पत्रक व पीले चावल देकर निमंत्रण दिया जाएगा। क्षेत्र में पहली बार आयोजित हो रहे इस हिंदू सम्मेलन को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।

बैठक में पुष्पा डाड, डॉ. संजीवनी सोमानी, भारती व्यास, अनीता सोमानी, खुशबू व्यास, अमिता पाराशर, शशि गुप्ता, सिमरन डांगी, सुधा जागेटिया, सीमा कोठारी, प्रियंका जागेटिया, सन्नू असावा, अंकिता तुरकिया, पूनम नौलखा, वंदना मूंदड़ा, ज्योति मंत्री, वीणा मूंदड़ा, सुरभि जाजू, निशा मूंदड़ा, सीता सोमानी, आशा जैन सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# एक व्यक्ति, एक संकल्प और पूरा जंगल , बाऊजी कैलाश चंद्र चोबे की अमर विरासत

## ढीकोला के चोबे ने प्रकृति को समर्पित कर दिया जीवन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**मूलचन्द पेसवानी**





तहसील के ढीकोला गांव के कैलाश चंद्र चोबे भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका जीवन, उनके कर्म और उनके द्वारा रचा गया हरित संसार आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन चुका है। वे उन विरले व्यक्तित्वों में से थे, जिन्होंने न कभी प्रचार चाहा, न किसी मंच की तलाश की। उन्होंने जो किया, चुपचाप किया पर उसका असर आज पूरे क्षेत्र में महसूस किया जाता है। कैलाश चंद्र चोबे केवल राजकीय सेवा में रहे एक साधारण अध्यापक नहीं थे, बल्कि सादगी, करुणा और अनुशासन से भरे व्यक्तित्व थे। गांव का हर व्यक्ति उन्हें स्नेह से बाऊजी कहता था। उनका स्वभाव शांत, सरल और हंसमुख था। वे मानते थे कि मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म प्रकृति और समाज की सेवा है और इसी विचार ने उन्हें दशकों पहले पर्यावरण संरक्षण के पथ पर अग्रसर कर दिया।

जब पर्यावरण संरक्षण न तो चर्चा का विषय था और न ही योजनाओं-नारों का हिस्सा, तब बाऊजी ने यह संकल्प लिया कि वे धरती को खाली हाथ नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने गांव ढीकोला से लगभग एक किलोमीटर दूर शाहपुरा मार्ग पर स्थित उपेक्षित, पथरीली और कांटों से भरी भूमि को चुना ,जहां लोग जाने से कतराते थे, वहां उन्होंने भविष्य देखा। यही स्थान आगे चलकर कैलाश नाड़ी के नाम से पहचाना गया।

शुरुआत आसान नहीं थी। अंग्रेजी बबूल और कांटों के बीच पानी का कोई साधन नहीं था। बाऊजी साइकिल पर पानी के केन लटकाकर रोज वहां पहुंचते और पौधों को अपने हाथों से सींचते। पौधे सूखते, टूटते पर उनका संकल्प अडिग रहा। उन्होंने बार-बार पौधे लगाए और पहले से अधिक लगन से उनकी देखभाल की।

पानी की समस्या बढ़ी तो उन्होंने किसी से मदद नहीं मांगी। अपने निजी धन से कुआं खुदवाया और बाद में जल संरक्षण के लिए तालाब का निर्माण कराया। न कोई योजना, न प्रशंसा की अपेक्षा यह उनके लिए साधना थी। समय के साथ वह बंजर भूमि हरियाली में बदल गई। आज वहां नीम, पीपल, बरगद, शीशम, गुलमोहर, करंज, बेलपत्र और बेर जैसे सैकड़ों वृक्ष लहलहाते हैं। पक्षियों की चहचहाहट और शीतल हवा उस स्थान को एक जीवंत आश्रम सा बना देती है।

बाऊजी की सेवा केवल कैलाश नाड़ी तक सीमित नहीं रही। गांव के देवस्थान, सराय, तालाब घाट और श्मशान घाट की नियमित साफ-सफाई उनके जीवन का हिस्सा थी। वे रोज झाड़ू लेकर निकलते और बिना किसी को बताए काम करते। श्मशान घाट और तालाब परिसर में बरगद व पीपल लगाना उनके लिए विशेष महत्व रखता था वे कहते थे, जीवन और मृत्यु-दोनों को छाया चाहिए। लगभग 55 वर्षों तक उन्होंने यह जीवन जिया निरंतर, निस्वार्थ और अनुशासित। वृद्धावस्था में भी दिनचर्या नहीं बदली। 3 अक्टूबर 2025 को वे रोज की तरह कैलाश नाड़ी गए, वहीं तबीयत बिगड़ी। उपचार के बाद लगभग तीन महीने पैरालिसिस की अवस्था में रहे और 3 जनवरी 2026 की सुबह उनका देहावसान हो गया। उनका जाना पूरे गांव के लिए व्यक्तिगत क्षति जैसा था। हाल ही में ढीकोला मोक्षधाम में ग्रामवासियों ने उनकी स्मृति में वटवृक्ष का पौधारोपण किया, जिसे कैलाश वटवृक्ष नाम दिया गया। इस अवसर पर नारायण माली ने कहा यह केवल पौधारोपण नहीं, आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का संकल्प है।

बाऊजी कैलाश चंद्र चोबे भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, पर उनका प्रकृति-प्रेम, उनकी साधना और उनकी हरियाली हमें हमेशा राह दिखाती रहेगी।

# सड़क सुरक्षा माहः राजेंद्र मार्ग विद्यालय में छात्रों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




सड़क सुरक्षा माह के तहत विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजस्थान पत्रकार परिषद द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन राजेंद्र मार्ग विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का ओपरणा पहनाकर स्वागत-सम्मान के साथ की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारी लवलीश टेलर ने कहा कि सुरक्षित वाहन संचालन के लिए यातायात नियमों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हेलमेट व सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा का पालन, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा पैदल चलते समय जेब्रा क्रॉसिंग के उपयोग पर विशेष जोर दिया।

टेलर ने कहा कि जागरूकता के अभाव में हर वर्ष लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं, जबकि सही जानकारी और सतर्कता से इन दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय उच्च गुणवत्ता वाला हेलमेट पहनें, कार में हमेशा सीटबेल्ट लगाएं, वाहन चलाते या सड़क पार करते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा तेज गति से बचें। नशे में वाहन चलाना दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है, क्योंकि इससे निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है।

एसडीएमसी संयोजक एवं विधायक प्रतिनिधि संजय राठी ने अपने संबोधन में कहा कि वाहन चलाते समय ट्रैफिक संकेतों-लाल बत्ती, स्टॉप साइन एवं अन्य संकेतों-का पालन अनिवार्य है। पैदल यात्रियों को जेब्रा क्रॉसिंग से ही सड़क पार करनी चाहिए और दोनों ओर देखकर चलना चाहिए। उन्होंने सुरक्षित दूरी बनाए रखने, जल्दबाजी से बचने, वाहन की नियमित जांच (टायर, लाइट, ब्रेक) तथा बच्चों के लिए बाल सुरक्षा सीटों के उपयोग की सलाह दी। साथ ही अनावश्यक हॉर्न बजाने से होने वाले ध्वनि प्रदूषण से बचने का भी आह्वान किया।

परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि एक ऐसी आदत है जो जीवन बचाती है। उन्होंने 'सड़क सुरक्षा-जिम्मेदारी हमारी' के मंत्र को अपनाने की अपील की। साथ ही नाबालिग छात्र-छात्राओं से दुपहिया व चौपहिया वाहन न चलाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे वे न केवल भारी जुर्माने से, बल्कि बड़ी दुर्घटनाओं से भी बच सकते हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय की उपाचार्य अंकिता उपाध्याय, परिषद के बालगोविंद व्यास, देवेन्द्र सिंह नाथावत, राजकुमार गोयल एवं सुनीता शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भागचंद जैन ने किया।

# डीएमएफटी में स्वीकृति के बावजूद नेवरिया-जवासिया खेड़ा सड़क बदहाल, जनता परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।





चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राशमी उपखंड के नेवरिया से भीलवाड़ा जिले के जवासिया खेड़ा तक लगभग 2.5 किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क आज भी क्षेत्रवासियों की परेशानी बनी हुई है। वर्षों से डामरीकरण नहीं होने के कारण आमजन, मजदूर, विद्यार्थी और मरीजों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। चुनावों के दौरान विधायक जीनगर और सांसद सीपी जोशी द्वारा भी शीघ्र निर्माण के आश्वासन दिए गए थे।

ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों, कलेक्टर, मुख्यमंत्री सहित 181 हेल्पलाइन, जनसुनवाई, सीएम पोर्टल व अन्य माध्यमों से कई बार शिकायतें दर्ज कराई, लेकिन स्थिति नहीं बदली। जबकि यह सड़क डीएमएफटी योजना में स्वीकृत है, वित्तीय स्वीकृति और अक्टूबर 2023 में कार्यादेश भी जारी हो चुका है। यह मार्ग चित्तौड़गढ़ व भीलवाड़ा दोनों जिलों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। बरसात में हालात और खराब हो जाते हैं, 108 एंबुलेंस तक को परेशानी होती है।

क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि यदि वर्तमान संवेदक कार्य नहीं कर रहा है तो उसे निरस्त कर नया संवेदक नियुक्त कर शीघ्र सड़क निर्माण कराया जाए। पीडब्ल्यूडी चित्तौड़गढ़ के नवीन अग्रवाल ने बताया कि कार्य नहीं होने की स्थिति में संवेदक को विड्रॉल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीएमएफटी के तहत भीलवाड़ा में 12.39 करोड़ के पेयजल कार्य स्वीकृत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भीलवाड़ा शहर एवं विधानसभा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की दीर्घकालीन समस्या के समाधान की दिशा में विधायक अशोक कोठारी की अनुशंसा पर एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट डीएमएफटी भीलवाड़ा की गवर्निंग काउंसिल बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर द्वारा प्रस्तावित 30 उच्च प्राथमिकता वाले पेयजल कार्यों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनकी कुल अनुमानित लागत 1239.28 लाख रुपये है।

इन कार्यों का उद्देश्य शहर की विभिन्न कॉलोनियों में अंतिम छोर तक पर्याप्त जल दबाव सुनिश्चित करना, पुरानी व क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को बदलना तथा नियमित और निर्बाध पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराना है। कांवाखेड़ा, तिलक नगर, शास्त्री नगर, चन्द्रशेखर आजाद नगर, सांगानेरी गेट, आर.सी. व्यास कॉलोनी, पटेल नगर, रमा विहार, विजय सिंह पथिक नगर, जवाहर नगर, शिवम ग्रीन कॉलोनी, गायत्री नगर, पुरानी संतोष कॉलोनी और रिको क्षेत्र सहित कई इलाकों में उच्च जलाशयों से नई फीडर पाइप लाइन डालने व वितरण पाइप लाइन बदलने के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। विधायक अशोक कोठारी ने बताया कि उनकी अनुशंसा के बाद कई क्षेत्रों में पाइप लाइन कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि कुछ स्थानों पर कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा शहर की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान मेरी प्राथमिकता है। योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में शहरवासियों को जल संकट से राहत मिलेगी।

## QUICK BITES

# पीड़ित परिवार को 1.21 लाख की सहायता दी

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश )। उपखंड मुख्यालय सावर के मेहरूखुर्द स्थित लालधागे सरकार भेरुधाम ने समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए पिता के आकस्मिक निधन से बेसहारा हुए एक परिवार को 1 लाख 21 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की। सावर निवासी सुरेंद्र सिंह राठौड़ के निधन के बाद उनकी मासूम बच्चियों के भविष्य को देखते हुए भेरुधाम सेवा समिति ने त्वरित मदद का निर्णय लिया।

बुधवार को लालधागे सरकार ने स्वयं परिवार से भेंट कर ढांढस बंधाया और सहायता राशि का चेक सौंपा। संतान प्राप्ति की मनोकामनाओं के लिए विख्यात भेरुधाम इससे पहले भी जरूरतमंद परिवारों को सहयोग देता रहा है।

# कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे ने जकड़ा इलाका, धूप भी रही बेअसर

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।



कस्बे सहित आसपास के इलाकों में पिछले कुछ दिनों से जारी ठंड ने बुधवार को और तीखा रूप दिखाया। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जो करीब दोपहर 12 बजे तक नहीं छंटा। दृश्यता बेहद कम रहने से दिन में भी वाहनों को लाइटें जलाकर चलना पड़ा, जिससे सड़कों पर रफ्तार थमी रही और जनजीवन प्रभावित नजर आया।

दिनभर आसमान में धूप नहीं निकल सकी। दोपहर में कुछ देर के लिए हल्की धूप जरूर खिली, लेकिन शीतलहर की तीखी गलन के आगे उसका असर न के बराबर रहा। ठंडी हवाओं और नमी के कारण वातावरण में कंपकंपी बनी रही और लोगों को पूरे दिन ठंड से राहत नहीं मिल सकी।

सर्दी से बचाव के लिए चौपालों, चौराहों, बस स्टैंड और बाजारों में अलाव सुलगते नजर आए। बुजुर्गों के साथ-साथ युवा और कामकाजी लोग भी अलाव के पास जमा दिखे। लोग हाथ सेंकते, गर्म चाय की चुस्कियां लेते और आपसी बातचीत के बीच ठिठुरन से राहत तलाशते रहे। ठंड का असर सुबह और शाम के समय सबसे अधिक देखा गया।

# माहेश्वरी प्रोफेशनल क्रिकेट लीग सीजन-4 का आयोजन 24 से, पोस्टर का हुआ विमोचन

## 12 जनवरी को आईपीएल की तर्ज पर नीलामी से बनेंगी 10 टीमें

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम द्वारा सत्कार ग्रुप के सहयोग से डे-नाइट माहेश्वरी प्रोफेशनल क्रिकेट लीग सीजन-4 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक महावीर स्कूल ग्राउंड में दूधिया रोशनी में किया जाएगा। इसी क्रम में प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन महेश छात्रावास में सम्पन्न हुआ। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, जिला मंत्री रमेश राठी, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, महेश सेवा समिति के सचिव राजेन्द्र कचोलिया अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम के संयोजक प्रदीप लाठी एवं अध्यक्ष सीए सुनील सोमानी के सानिध्य में आयोजित हुआ।

संयोजक प्रदीप लाठी ने बताया कि 12 जनवरी को आईपीएल की तर्ज पर नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से 10 टीमें गठित की जाएंगी, जिनमें आरआर ऑर्नामेंट, मैलाना ग्रुप, सीताराम, शुभम कोल, बृजेश बांगड़ हॉस्पिटल, बिरला बंधु ज्वेलर्स, शारदा एंटरप्राइज, एसएन, कामधेनु सहित अन्य टीमें शामिल रहेंगी। सभी मैचों का लाइव टेलीकास्ट भी किया जाएगा।

टूर्नामेंट का उद्देश्य माहेश्वरी समाज के प्रोफेशनल्स को एक मंच पर लाना और खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में 150 से अधिक प्रोफेशनल खिलाड़ी उद्योगपति, सीए, एमबीए, डॉक्टर, इंजीनियर एवं एडवोकेट भाग लेंगे।

आयोजन समिति में नरेश जागेटिया, नवनीत तोतला, अभिषेक बाहेती, दिनेश आगाल, प्रांशु सारडा और सोनेश काबरा शामिल हैं। इस अवसर पर प्रोफेशनल फोरम के सदस्य एवं टीम ऑनर्स भी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।